

# शारदा खदान में कोयले से ज्यादा गड़बड़ियों की खुदाई

## मलाईदार पदों पर बैठे अफसरों की भूमिका संदिग्ध

**शहडोल। शारदा खुली कोयला खदान में भ्रष्टाचार की गर्मी अब कोयले से भी ज्यादा तपने लगी है। खदान के भीतर चल रही फर्जी मिक्सिंग, अवैध ब्लास्टिंग और शेल को कोयले के नाम पर लोडिंग जैसे कृत्य न सिर्फ सरकारी धन की लूट हैं, बल्कि इसमें बैठे कुछ अधिकारियों की 'मलाईदार लूट' की दास्तां भी बयान करते हैं। मामला अब स्थानीय स्तर पर आक्रोश का विषय बन चुका है।**

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर एरिया अंतर्गत शारदा खुली खदान में इन दिनों कोयला कम और काले कारनामे ज़्यादा उगल रहे हैं। फर्जी डंपिंग, अवैध मिक्सिंग और नियमविरोधी ब्लास्टिंग के गंभीर आरोप सामने आने के बाद अब पूरा मामला 'कोल फील्ड' से निकलकर 'घोटाला फील्ड' में तब्दील होता जा रहा है। मामले की जड़ में हैं दो अफसरअमरेश पांडे, उपक्षेत्रीय प्रबंधक और विजय शुक्ला जिनके पास एक नहीं, तीन-तीन मलाईदार पदों का प्रभार है, नोडल ऑफिसर ब्लास्टिंग, डिस्पैच और एमटीके, विजय शुक्ला की नियुक्तियां जैसे किसी पुरस्कार की तरह दी गई हों और वे इस 'इनाम' को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।





### फर्जी डंपिंग का फर्जीवाड़ा

शारदा कोल यार्ड में पहले दो से तीन मीटर गहरी खुदाई करवाई गई और फिर उसी स्थान पर ऊपर से कोयले का डंप किया गया। नीचे मौजूद शेल एक प्रकार का ठोस, कोयला जैसा दिखने वाला पत्थर को ऊपर से डाले गए कोयले में मिलाया गया। नतीजा शेल और कोयले की ऐसी मिक्सिंग तैयार हुई, जिसे मशीनों के माध्यम से बड़ी चालाकी से साइडिंग तक भेजा गया, और वहां से वैगनों में लोड होकर सीधे उद्योगों और संयंत्रों तक पहुंचा जा रहा है। इस कोल-मिक्स कॉकटेल को देख विशेषज्ञ भी हैरान हैं। स्थानीय कर्मचारियों के अनुसार, रिपोर्टें और खबरें आने के बावजूद यह गोरखधंधा लगातार कई दिनों तक बदस्तूर जारी है।



### कोयले के नाम पर पत्थर की बिक्री?

फील्ड में ली गई तस्वीरें और निरीक्षण यह सिद्ध कर रहे हैं कि जिस सामग्री को कोयले के रूप में भेजा गया, वह दरअसल शेल था कठोर, भारी और ईंधन उपयोग के लायक नहीं। लेकिन जब निगरानी का गला घोंट दिया जाए, तो शेल भी कोयला बन जाता है। गार्ड शेल्टर को पहले ही हटाया जा चुका था, ताकि कोई रोके-टोके नहीं। माइनिंग स्टाफ की लाइट काट दी गई, जिससे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहे और चोरी-छिपे काम चलते रहें।

### ब्लास्टिंग के नाम पर ध्वनि प्रदूषण और खतरा

विजय शुक्ला जिन्हें एसईसीएल ने 'ब्लास्टिंग के फुल अधिकार' देकर मानो 'धमाका ऑफ द डे' का पुरस्कार दिया है, नियमों को खुलकर ठेंगा दिखा रहे हैं। जहां एक समय में अधिकतम 20 होल की ब्लास्टिंग की अनुमति होती है, वहां फील्ड सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन 150 से 250 होल की ब्लास्टिंग दो से तीन बार करवाई जा रही है। इससे न सिर्फ पर्यावरणीय खतरे बढ़ते हैं, बल्कि ओपीएम (ऑर्गनाइजेशन फॉर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग) के कर्मचारियों की चिमनियों में दरारें पडऩे का खतरा तक बन गया है। ओपीएम ने इस पर खुलकर आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन 'शुक्ला एंड कंपनी' के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

### वैकल्पिक रास्तों से कोयले की तस्करी

शारदा खदान के पीछे मौजूद वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल कर अवैध रूप से कोयला निकालने की साजिश भी सामने आई है। बिना किसी सुरक्षा जांच या निरीक्षण के पिकअप व बड़ी गाडिय़ों में कोयला बाहर भेजा जा रहा है। प्रशासन की मानें तो 10,000 टन कोयले की डंपिंग की गई है, लेकिन फील्ड मजदूरों और ट्रकों के आंकड़ों के आधार पर यह आंकड़ा 15,000 से 20,000 टन तक हो सकता है, मतलब सीधा लाखों रुपए का सरकारी कोयला प्राइवेट जेब में पड़ा है।

### अधिकारियों की मिलीभगत से मचाई जा रही लूट

### मौन स्वीकृति या मिलीभगत?

अमरेश पांडे जो उपक्षेत्रीय प्रबंधक हैं, पूरे मामले में न तो सार्वजनिक सफाई दे रहे हैं और न ही जांच की मांग कर रहे हैं। उनकी चुप्पी को अब 'मौन स्वीकृति' की तरह देखा जा रहा है। वहीं विजय शुक्ला जिनके पास कोयला प्रबंधन से लेकर डिस्पैच और ब्लास्टिंग तक के सारे ताले की चाबी है, खुलकर मनमानी कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या इन अधिकारियों को ऊपर से राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है? या फिर यह घोटाला केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं, एक संगठित रैकेट का हिस्सा है?

### उच्चस्तरीय जांच की मांग जरूरी

शारदा खुली खदान का यह मामला केवल आर्थिक भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि यह आम जनता के संसाधनों की खुली लूट है। यदि समय रहते इसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच नहीं करवाई गई, तो आने वाले समय में एसईसीएल की साख और कोयला क्षेत्र की पारदर्शिता दोनों ही राख बन जाएंगे। सवाल यह नहीं है कि खदान से कितना कोयला निकला, सवाल यह है कि कितने चेहरे इस कोयले की कालिख में छिपे हैं?

## खबर संक्षेप

### जिला चिकित्सालय में सफाई कर्मियों से वसूली का आरोप



**शहडोल।** कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर से शिकायत कर आरोप लगाया है कि अस्पताल में पदस्थ सुपरवाइजर राजकुमार उर्फ राजू चौथेल और सत्येंद्र पाण्डेय द्वारा भर्ती और हाजिरी के नाम पर अवैध रूप से पैसों की मांग की जाती है। सफाई कर्मियों का कहना है कि अगर कोई कर्मचारी पैसे नहीं देता, तो उसे कार्य से हटा दिया जाता है या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। कर्मचारियों के अनुसार, दोनों सुपरवाइजर जिला अस्पताल में ठेके के माध्यम से सफाईकर्मियों की नियुक्ति करते हैं और अपनी मनमर्जी से नौकरी पर रखने या हटाने का काम करते हैं। आरोप है कि हर सफाईकर्मी से नियुक्ति के लिए मोटी रकम मांगी जाती है और इसके बाद *प्रतिदिन या मासिक आधार पर हाजिरी लगाने के लिए भी पैसों की मांग की जाती है। पैसे न देने की स्थिति में काम से निकालने की धमकी दी जाती है। शिकायत में बताया गया है कि उक्त दोनों सुपरवाइजर वर्षों से अस्पताल में इसी तरह का दबाव बनाकर कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। इस कारण कई कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं और कुछ को तो *बिना किसी कारण के काम से बाहर कर दिया गया है। इससे कर्मचारियों के रोजग़ार पर संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी जिम्मेदार पद पर बैठकर गरीब कर्मचारियों का इस प्रकार शोषण न कर सके। फरियादियों का कहना है कि वे जनस्वास्थ्य और सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में समर्पण से लगे हैं, लेकिन ऐसे भ्रष्टाचारपूर्ण रवैये के चलते उनका मनोबल टूट रहा है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इन सुपरवाइजरों की कार्यप्रणाली की जांच कर उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए और पीड़ित सफाईकर्मियों को न्याय दिलाया जाए। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को भी निर्देशित किया जाए कि नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और सभी कर्मचारियों को सम्मानजनक वातावरण में काम करने का अवसर मिले।

### पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल किया दस्तयाब

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित गुमशुदगी के प्रकरणों की हाल ही में समीक्षा की गई, जिसमें विशेष रूप से नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी को प्राथमिकता देते हुए समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में थाना कोतवाली, शहडोल पुलिस ने एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपने में सफलता प्राप्त की है। 18 सितंबर 2024 को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।

## कल होगा रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन



**शहडोल।** श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह, रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आगामी 3 अगस्त 2025 दिन रविवार को किया जा रहा है। यह आयोजन समाज सेवा, साहित्यिक स्मृति और जनकल्याण के संगम के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन लॉ कॉलेज परिसर, कोतवाली रोड, गांज शहडोल में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अमिता चपरा जी (जिला अध्यक्ष, भाजपा, शहडोल) उपस्थित रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथियों म डीआईजी सविता सोहाने, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल एवं पूर्व अध्यक्ष उर्मिला कटारे शामिल होंगी। कार्यक्रम का प्रारंभ दोपहर 01 बजे से होगा, जबकि जयंती समारोह एवं स्वास्थ्य परीक्षण सत्र 4:15 बजे से शुरू होंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि समय का विशेष ध्यान रखा जाएगा, इसलिए अतिथियों और नागरिकों से समय पर पहुंचने का अनुरोध किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से समाज एक साथ रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण और साहित्यिक स्मरण जैसे बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति करेगा। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को हिंदी साहित्य में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए जाना जाता है, और यह समारोह उन्हें समर्पित सच्ची श्रद्धांजलि है।

## प्राकृतिक संसाधनों पर शोध पर रामेश्वर को मिली पीएचडी की उपाधि

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल द्वारा प्राणीशास्त्र में रामेश्वर सिंह को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उनके शैक्षणिक समर्पण, गहन अनुसंधान और अथक परिश्रम का परिणाम है। रामेश्वर का शोध विषय मौसमी बदलाव एवं मानव जनित गतिविधियों के कारण शहडोल जिले के सतही और भूजल गुणवत्ता पर प्रभाव का आकलन था, जिसे उन्होंने शासकीय महाविद्यालय, पुष्पराजगढ़ की प्राचार्य डॉ. संगीता माशी के निर्देशन में पूर्ण किया।



शोध में मानसून, ग्रीष्म और शीत ऋतुओं के दौरान जल गुणवत्ता में होने वाले परिवर्तन, जैसे पीएच मान एवं घुलित ऑक्सीजन, का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। साथ ही, औद्योगिक अपशिष्ट, कृषि रसायन और शहरी कचरे जैसे मानव जनित कारकों के जल संसाधनों पर पडऩे वाले प्रभावों का भी विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह शोध न केवल शहडोल जिले में जल प्रदूषण के स्रोतों की पहचान में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि जल संरक्षण के प्रभावी उपायों के लिए नीति-निर्माण में भी उपयोगी साबित हो सकता है। अपनी सफलता के लिए रामेश्वर सिंह ने डॉ. संगीता माशी, विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अपने परिजनों और मित्रों के प्रति आभार प्रकट किया। उनकी यह उपलब्धि शहडोल के शैक्षणिक जगत के लिए गर्व का विषय है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। शोध क्षेत्र से जुड़े अन्य नवोदित विद्यार्थियों के लिए यह कार्य एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। रामेश्वर सिंह को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

## सरकार संविदा नीति करें लागू वरना होगा उग्र आंदोलनः मनोज

### संविदा कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन तेज

**शहडोल।** संविदा नीति 2023 को लेकर राज्य सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ अब प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संविदा संयुक्त संघर्ष मंच ने प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का एलान किया है। शहडोल जिला इकाई के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सरकार ने संविदा नीति 2023 के तहत जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। इससे प्रदेश के 27 विभागों में कार्यरत हजारों संविदा कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते मांगें नहीं मानीं तो यह आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

मनोज मिश्रा ने बताया कि संविदा नीति 2023 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता देने, अर्जित अवकाश और मेडिकल अवकाश लागू करने, कौशल के आधार पर वरीयता देने, न्यूनतम कटऑफ मार्क 33 प्रतिशत निर्धारित करने, अन्य योजनाओं में समकक्ष पद पर नियुक्ति देने, अनावश्यक सेवाओं को एक माह में समाप्त करने और 20 लाख रुपये का सामूहिक बीमा देने जैसी कई महत्वपूर्ण बातें शामिल थीं, लेकिन इनमें से अधिकांश का अब तक क्रियान्वयन नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएसई के पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों का नियमितीकरण न होना भी गंभीर चिंता का विषय है। मंच की मांग है कि समस्त संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए या उनके लिए स्पष्ट स्थायी नीति बनाई जाए।

प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा भी तय कर ली गई है। 2 से 3 अगस्त को पूरे प्रदेश में जिला और ब्लॉक स्तर पर बैठकें होंगी। 18 अगस्त को कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 3 सितम्बर को जनजागृति और सहमति हेतु अभियान चलेगा। 13 से 21 सितम्बर के बीच विधायकों को ज्ञापन दिए जाएंगे। 6 अक्टूबर को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन और 8 अक्टूबर को भोपाल में प्रतीकात्मक आंदोलन होगा। अंतिम चरण में 14 अक्टूबर 2025 को राजधानी भोपाल में विशाल आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मंच के संयोजक दिनेश सिंह तोमर, देवेंद्र उपाध्याय, सजन भगवंत, गुलाब सिंह, अमर सिंह, रामजी बागरी, मुकेश तिवारी, अनिल अग्रवाल, रतीन श्रीवास्तव, लीलाधर अहिरवार, सुनील चौहान, दिनेश मालवीय, सतीश श्रीवास्तव, केआर गुप्ता, एसएन पाठिरा, अर्जुन सिंह, दिनेश कुमार तिवारी, संतोष रघुवंशी, अविनाश भटनागर, जितेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, राजदीप सिंह, संतवना अग्रवाल, सुनीता गावड़े, अंजू राय और विनोद कुशवाह ने भाग लिया और एक स्वर में आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया।

मनोज कुमार मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के विरुद्ध नहीं, बल्कि कर्मचारी अधिकारों की रक्षा के लिए है। यदि सरकार ने सकारात्मक पहल नहीं की तो आने वाले समय में संविदा कर्मचारी निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहेंगे।

## सोशल मीडिया पर युवती की छबि बिगाड़ने वाले गिरफ्तार

### सोहागपुर पुलिस की तत्पर कार्रवाई

**शहडोल।** सोहागपुर थाना में दर्ज एक संवेदनशील मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर युवती की व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुँचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही आईटी एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत की गई है। घटना का खुलासा 10 अप्रैल को हुआ, जब एक युवती ने थाना सोहागपुर में शिकायत दर्ज कराई कि इंस्टाग्राम पर उसकी फर्जी आईडी बनाई गई है, जिसमें उसकी तस्वीरों व वीडियो का दुरुपयोग करते हुए आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की जा रही है। शिकायत के अनुसार, फर्जी प्रोफाइल से युवती के परिजनों व परिचितों को जोडक़र लगातार अभद्र एवं अश्लील सामग्री प्रसारित की जा रही थी, जिससे युवती की सामाजिक छवि को ठेस पहुंच रही थी।



### साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान

सोहागपुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल साइबर सेल की तकनीकी सहायता प्राप्त की और आरोपियों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित की। तत्परता से की गई कार्रवाई में मोहम्मद इमरान खान पिता वसीम खान, उम्र 23 वर्ष निवासी पान तलैय्या, जबलपुर श्रेय रजक पिता सुरेश रजक उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरी, थाना अधारताल, जबलपुर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इन पर आईटी एक्ट के तहत डिजिटल अपराध तथा भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भूपेन्द्र मणि पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नेहा उइके,सहायक उपनिरीक्षक रामनारायण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष परिहार, आरक्षक विवेक झारिया, कुलदीप सिंह एवं हनुमान सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। सोहागपुर पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ अब सख्त रुख अपनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव संदेश साफ है कि सोशल मीडिया पर किसी की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## युवक कांग्रेस का सड़क चौड़ीकरण को लेकर ज्ञापन

**शहडोल।** युवा कांग्रेस शहडोल ने इंदिरा गांधी चौक (बुढ़ार चौक) से बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सालय चंपा तक सडक़ चौड़ीकरण की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन में जिला महासचिव निशांत जोशी के नेतृत्व एवं प्रियांशु चौबे की अध्यक्षता में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में यह मार्ग अत्यंत सकरा है, जिससे एम्बुलेंस और आम नागरिकों के वाहनों को बार-बार जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग न केवल नागरिकों के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह पूरे शहडोल संभाग में स्थापित एकमात्र शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय तक पहुंचने का मुख्य जरिया भी है।

युवक कांग्रेस ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है कि मरीजों के लिए हर सेकंड कीमती होता है और जब एम्बुलेंस जाम में फंस जाती है, तो कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में समाचार माध्यमों में प्रकाशित रिपोर्ट्स के अनुसार, चिकित्सा महाविद्यालय के आसपास कई धर्मकांटे संचालित हैं, जिससे भारी ट्रकों की आवाजाही आम बात हो गई है। इन ट्रकों के कारण आपातकालीन सेवाओं को भी बाधा पहुंचती है, जो जनस्वास्थ्य के लिहाज से चिंताजनक है।



सडक़ पर आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस ने चेताया है कि यदि प्रशासन शीघ्र सडक़ चौड़ीकरण की दिशा में ठोस कार्यवाही नहीं करता तो, संगठन जनहित में सडक़ों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष शेख साजिल, नगर उपाध्यक्ष सोहेल आलम, राजेश, बादल वंशकार, पुष्पेंद्र वंशकार, हनी अरोड़ा, अवधेश, संजीव भास्कर, अनस खान, सामी खान, सागर गुप्ता, इमरान खान, समीर, मुस्ताक खान, साकिब खान, अर्श अली, अभिषेक, गाजू, फैजान खान सहित कई युवक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्यारह सदस्यों का जत्था बाबाधाम रवाना



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोबिंदा कालोनी से सावन माह के पावन अवसर पर 11 सदस्यी कांवड़ियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए कालोनी मे भ्रमण करते हुए रवाना हुए। कांवरियों ने 'हर हर महादेव' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर साल बाबा धाम की यात्रा करते हैं। उनका मानना है कि इससे उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कांवड़ियों की यात्रा योजना के अनुसार वे चार पहिया वाहन से सुल्तानगंज पहुंचेंगे। वहां से गंगाजल लेकर लगभग 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेगे देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सावन के महीने में भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने बाबा से सभी की सुख-शांति की कामना की। इस यात्रा में रामजी श्रवण भूमसेन गनपत ललन भारत रामबाबू इंद्रगोपाल धनीराम जगदीश समेत कई श्रद्धालु शामिल हुए हैं।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किशत का वितरण कार्यक्रम आज

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को वाराणसी उत्तरप्रदेश से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किशत का वितरण करेंगे । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला स्तर पर प्रभावी प्रसारण के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी,समस्त तहसीलदारों तथा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम में विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को जिला , ब्लाक स्तर पर आमंत्रित किया जाए। जिला,ब्लाक स्तर पर प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की जाए। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम हेतु ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।सभी ग्राम नोडल अधिकारी कार्यक्रम से वर्चुअली शामिल होंगे। ग्राम नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को संपूर्ण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने हेतु प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किशत प्राप्त करने हेतु ई केवायसी,पीएम किसान, मोबाइल एप, पीएम किसान सम्मान पोर्टल एवं सीएससी केंद्र आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान सम्मान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे ।

### संपूर्णता अभियान समापन समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन आज

**उमरिया।** आकांक्षी विकासखंड योजना अंतर्गत संपूर्णता सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह के मुख्य आतिथ्य में 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे से स्टेडियम ग्राउंड जनपद पंचायत मानपुर में आयोजित किया गया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल करेंगी वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मानपुर अध्यक्ष ममता सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष भारती सोनी उपस्थित रहेंगी।

### जिले में मूंग, उड़द के लिए 1772 किसानों ने कराया पंजीयन

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि भारत शासन द्वारा निर्धारित एफ.ए.क्यू. मापदंड संबंधी निर्देश राज्य उपार्जन एजेंसी द्वारा जारी किये गये मूंग एवं उड़द के पंजीयन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 19 जून 2025 से 5 जुलाई 2025 तक नियत की गई है। जिला उमरिया ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में मूंग-उड़द का पंजीयन शासन के आदेश अनुसार किया गया है। जिसमें उमरिया जिला के किसानों द्वारा कुल 1772 का पंजीयन मूंग एवं उड़द का किया गया जिनकी खरीदी निर्धारित तीन उपार्जन केंद्रों पर की जा रही है।

### गौशालाओं में चाक चौबंद व्यवस्था रखने के दिए निर्देश

# जिला पंचायत सीईओ ने करकेली के विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण







**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने करकेली जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान उन्होने करकेली में आरईएस विभाग व्दारा निर्माण किए गए जा रहे इंडोर स्टेडियम, बहुउद्देशीय भवन, ग्राम घुलघुली में गौशाला , ठूठाकुदरी में गौशाला तथा कौडिय़ा 63 में नवीन पंचायत भवन का अवलोकन किया। करकेली में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य के दौरान उन्होने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरा करनें के निर्देश दिए । ग्राम घुलघुली एवं ठूठाकुदरी अमोलखोह सेवक संघ समिति में गौशाला के निरीक्षण के दौरान चारे एवं पानी की उपलब्धता पाई गई । ग्राम घुलघुली स्थित गौशाला के आस पास अतिक्रमण पाया गया, जिसका सीमांकन कराकर शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की बात कही। उन्होने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को निर्देशित किया कि प्रतिदिन एक डाक्टर की ड्युटी गौशालाओ के लिए लगाई जाए। चिकित्सक के व्दारा गौशाला में गायो का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनका समुचित इलाज किया जाए । निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में उपस्थित गौ सेवकों से गौशाला में साफ सफाई, चारा, पानी, बिजली आदि के संबंध में पूछताछ भी की। सीईओ जिला पंचायत ने करकेली,ग्राम बरही, ग्राम चिरूहुला में बन रहे बहुउद्देशीय भवन का भी निरीक्षण किया।उन्होने निर्देश दिए कि भवनों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होने कौडिय़ा 63 में निर्माणाधीन नवीन ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बांधवगढ़ कमलेष नीरज, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडेय, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, उपयंत्री सहित खंड स्तरीय अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## बालिका शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि आर सी स्कूल उमरिया में मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिका शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं लैंगिक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए आयोजित किया गया। कार्यशाला के दौरान लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, लिंग समानता, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013, तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो ) इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया का इस्तेमाल एवं पाक्सो एक्ट के बारे मे जानकारी दी गयी। बालिकाओ को शिक्षा के महत्व के बारे मे भी बताया गया । कार्यक्रम मे स्कूली छात्र छात्राएं, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि शुक्ला गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, दिव्या तिवारी केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर, शिक्षक आर सी स्कूल शिक्षक उपस्थित रही। इसी प्रकार टाऊन हॉल चंदिया एवं शा कन्या स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदिया में भी बालिका शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत पीएनसी वार्ड जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय के पी एन सी वार्ड में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक चलने वाला कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला परिवार कल्याण अधिकारी डा एस बी चौधरी ने धात्री माताओं को जन्म के 1 घंटे के अंदर नवजात को स्तनपान कराने के लिए प्रमुख रूप से 4 प्रकार से ध्यान देते हुये पालन करने हेतु समझाया गया। उन्होने कहा कि नवजात को दूध पिलाने से पहले गोद में सीधा लेना जिसने शिर थोड़ा ऊपर और पैर नीचे रहे। नवजात को अपने शरीर के पास अर्थात माँ के शरीर से सटाकर रखना है। नवजात को उचित तरीके से सहारा देना है। माँ, नवजात को दूध पिलाते समय अपनी नजर नवजात की नजर से मिलाकर रखना है जिससे उसका लगाव बना रहे। उपरोक्त चार नियमों का पालन करने से नवजात को माँ से पर्याप्त दूध मिलेगा तथा नवजात और माँ के बीच लगाव बढ़ेगा। 6 माह तक सिर्फ माँ का ही दूध पिलाने की सलाह दी गई उसके बाद स्तनपान के साथ साथ ऊपरी सहायक पोषण देने की जानकारी दी गई। जन्म के समय बी सी जी का टीका लगाने औऱ पोलियो की 2 बून्द खुराक पिलाने के लिए बताया गया साथ ही डेढ़ महीने से लेकर 16 वर्ष के टीके आंगनवाड़ी केंद्र पर आशा बहिन औऱ ए एन एम के सहयोग से लगवाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया. सभी स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

# बेटी के जन्मदिन पर परिजनों ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज, राजेन्द्रग्राम।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य में 1 अगस्त को रक्तदानशील का आयोजन विश्व हिंदू परिषद द्वारा किया गया। बसनिहा की आशा सुपरवाइजर शैल जायसवाल की पुत्री आरती जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर स्वयं आरती जायसवाल, उसके पिता ज्ञान चन्द जायसवाल एवं उनकी माता शैल जायसवाल तीनो ने एक साथ रक्तदान किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ की बी. एम. ओ डॉ. एस. के. सिंह ने भी रक्तदान किए। वहां पर उपस्थित लोगों को रक्तदान की विशेषता के बारे में बताते हुए बी. एम. ओ. ने बताया कि हर तीन माह के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए, जितना रक्तदान करेंगे उतना ही रक्तदान 3 महीने में रिकवर हो जाता है। किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा जाती है, और कभी -कभी तो स्वयं या हमारे परिवार के लोगों की भी जिंदगी इसी वक्त से बचाई जाती है। इसलिए आज की युवाओं को रक्तदान में आगे आने की जरूरत है। युवा अपने जन्मदिन पर होटल में पार्टी करते हैं पिकनिक मनाते हैं उन युवाओं को जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान करना चाहिए इससे लोगों की जिंदगी बचाई जाती है। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक स्टाफ के साथ विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्त्ता ज्ञानचन्द जायसवाल,प्रकाश सोनी, प्रिंस जायसवाल, शिवम केवट, श्रेयस गुप्ता, सौरभ केशरवानी, विकास केशरवानी, मनीष अग्रवाल का सहयोग का सराहनीय रहा।

## शॉपिंग कंपलेक्स में भरता 2 फिट पानी, व्यापारी परेशान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा स्टेशन चौक के पास दीनदयाल शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण करवाया गया है। काम्प्लेक्स के बेसमेंट में आठ दुकानें बनाई गई है जिसमें व्यापारियों द्वारा समान रखते हुए दुकान चलाई जा रही है। बताया जाता है कि हर साल बारिश में 3 माह तक तलघर में पानी आ जाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारी मुकेश जैन, कैलाश रजक, सन्मति जैन, दीपू, सौरभ का कहना बेसमेंट में पानी भरने से जहां 4 माह तक दुकान ठप्प हो जाती है वहीं पूरा समान का भी नुकसान होता है। पिछले 20 दिनों से घुटने तक पानी भरने के कारण शटर सहित दीवाल जर्जर हो रही है। साथ ही पूरे परिसर मे नमी होने के साथ दुर्गंध भी बनी रहती है। 3 से 4 माह तक पानी भरने के कारण दुकान का संचालन करने वाले व्यापारी आर्थिक रूप से भी परेशान हो रहे है। वही किराए में भी कोई राहत नहीं प्रदान हो रही। हर बारिश में पानी भरने के कारण उक्त निर्माण के गुणवत्ता को लेकर लोगों द्वारा सवाल खड़े किया जा रहा है। दुकानदारों को यह डर सता रहा है कि यदि ऐसे ही पानी भरता रहा तो कहीं कोई बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती व्यापारियों से किया सहयोग का आग्रह

### अमरकंटक में नगर परिषद एवं समाजसेवी संस्थान का संयुक्त अभियान



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में नगर परिषद एवं शुभम समाजसेवी संस्थान, अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में नगर के व्यापारिक बंधुओं को सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक पॉलिथीन तथा 100 माइक्रोन से अधिक की पॉलिथीन पन्नियों का उपयोग न करने की कड़ी सलाह दी गई। सामग्री के लेन-देन में ऐसे घटिया एवं अमानक स्तर के प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण और जन-जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। अभियान के दौरान व्यापारियों से यह भी अपील की गई कि प्लास्टिक बोतलों, डिस्पोजल एवं अन्य प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग न करें और न ही किसी को करने दें। नगर परिषद ने स्पष्ट किया कि 100 माइक्रोन से अधिक की पॉलिथीन थैली का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन पर वैधानिक कार्रवाई, चालान या प्रकरण पंजीबद्ध किया जा सकता है।

### स्वच्छ, शुद्ध और पवित्र अमरकंटक का लक्ष्य

अभियान दल ने दुकानदारों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और कपड़े के झोले के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। दल में नगर परिषद अमरकंटक के बैजनाथ चंद्रवंशी, उमाशंकर परमार, लकी शुक्ला, तरुण सोनवानी एवं राजेश शुक्ला शामिल रहे। वार्ड क्रमांक 10 एवं अन्य वार्डों के व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे और कपड़े के झोले का ही उपयोग करेंगे। उन्होंने शासन-प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण में पूर्ण सहयोग देने का वचन दिया।

# बरतराई कालरी से सुशील बंजारे व महेंद्र गुप्ता हुये सेवानिवृत्त

### माइनिंग स्टाफ व कर्मचारियों ने किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज़, राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना - कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी में जनरल शिफ्ट के सुशील बंजारे वरिष्ठ फोरमैन इलेक्ट्रिकल इंचार्ज, महेंद्र गुप्ता एक्सप्लोसिव क्रूरू मैन ने अपनी सेवा से 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। सुशील बंजारे सन 1989 में कोल इंडिया में भर्ती हुए तथा महेंद्र गुप्ता सन 1999 में कोल इंडिया में भर्ती हुए। यह दोनों कर्मचारी 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत हो गए। बरतराई खदान में सुशील बंजारे इलेक्ट्रिकल फोरमैन इंचार्ज तथा महेंद्र गुप्ता सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। इन कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के शुभ अवसर पर उनके घर के पारिवारिक सदस्य भी खदान परिसर में उपस्थित रहे। इनके द्वारा सभी कर्मचारियों को मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर बरतराई भूमिगत खदान के खान प्रबंधक सनातन त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत हो रहे सभी कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। तथा सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रथम पाली में रिले( ए) के पाली प्रभारी स्वप्निल गनवीर, खेल प्रकाश साहू, त्रिवेंद्र लहंगीर, पाली प्रभारीयो ने इन सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य एंव स्वास्थ कि वो उन्हें शुभकामनाएं दी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी सुशील बंजारे वरिष्ठ फोरमैन इलेक्ट्रिकल इंचार्ज को सेवानिवृत्त के अवसर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सनातन त्रिपाठी खान प्रबंधक बरतराई, हिमांशु पांडे खान सुरक्षा अधिकारी, नरेश रोहिदास पैनल इंचार्ज, प्रकाश उरकुंडे पैनल इंचार्ज, वरिष्ठ ओवर मैन शैलेंद्र दुबे, औव्हरमैन रोहित गुप्ता, मोतीलाल किस्कू, अमर सिंह पर्यवेक्षक विद्युत, उत्तम तिवारी, रिले (ए) से ओवरमैन मोहम्मद हसनैन, प्रदीप कुमार, सुरेंदर कुमार, नीरज कुमार, दीप नारायण प्रजापति, सुधा दास, एमटीके गंगाराम त्यागी, मो. इकरार हुसैन एवं विद्युत विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नवांकुर सखियों ने कलश यात्रा निकाल कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हरिभूमि न्यूज, जमुना/बदरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आनंदन सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी ने वेंकटनगर सेक्टर 4 की ग्राम पंचायत पपरौडी में 31 जुलाई को विकासखंड समन्वयक फत्ते सिंह के कुशल नेतृत्व मंन ग्राम पपरौडी के सामुदायिक भवन में नवांकुर संस्था द्वारा नवांकुर सखी योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रंजीत, जनपद पंचायत जैतहरी के पीसीओ अमर सिंह ग्राम पंचायत के सरपंच भुवन सिंह सचिव निधि सिंह रोजगार सहायक सचिव सावित्री राठौर, कार्यक्रम का अध्यक्षता नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह द्वारा वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए बताया कि वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, वृक्ष हमारे प्राण दाता है, हमारे प्राणों की रक्षा करते हैं हम सभी को वृक्ष लगाकर धरती का श्रृंगार करना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह ने नवांकुर सखी योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित महिलाओं को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया साथ ही जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह द्वारा जन अभियान परिषद के कार्यों का भी सराहना किया गया की जमीनी स्तर पर संगोष्ठी के माध्यम से और कई प्रकार के माध्यम से शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं को पहुंचाने का और लोगो तक जानकारी देने का सराहनीय कार्य करती हैं। उक्त कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक जैतहरी फत्ते सिंह द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक सेक्टर में नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से यह अभियान चलाया जा रहा है नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिला को पेड़ लगाना है और उसकी देखभाल करना है जिस प्रकार हम अपने बच्चों की देखभाल कर उनका पालन पोषण करते हैं, उसी प्रकार पेड़ों की पांच वर्ष तक हमें देखभाल करना है इसके बाद पेड़ अपने आप ही अपनी देखभाल करते हैं हमारे लिए कई प्रकार की मूल्यवान वस्तुएं व वनोपज प्रदान करने लगते हैं सबसे महत्वपूर्ण बात कि पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया और आभार व्यक्त भी किया गया। कार्यक्रम के पश्चात नवांकुर सखियों के द्वारा कलश यात्रा का भ्रमण पूरे गांव में किया गया और लोगों को हरियाली महोत्सव का संदेश दिया गया कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा नवांकुर सखियों को पौधे व बीज युक्त थैलियां वितरित की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक जैतहरी फत्ते सिंह, सेक्टर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा, सेक्टर परामर्शदाता टीकम नायक, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह, जनपद पंचायत जैतहरी के पीसीओ अमर सिंह, ग्राम पंचायत के सचिव निधि सिंह, सरपंच भुवन सिंह, रोजगार सहायक सचिव सावित्री राठौर, छात्र छात्राएं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव और ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### संगीतमय राष्ट्रगान के साथ की गई शासकीय कामकाज की शुरूआत



**उमरिया।** संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में संगीतमय राष्ट्रंगीत, राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश गान के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### जिले में बीते 24 घंटे में 1.3 मिमी वर्षा दर्ज

**उमरिया।** अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में बीते 24 घंटे में 13 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ में 4.2 मिमी, मानपुर में 1 मिमी, नौरोजाबाद में 1.2 मिमी , करकेली में 2.8 मिमी वर्षा शामिल है । जिले में 1 जून से लेकर आज दिनांक तक 793.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ मे 755.3 मिमी, मानपुर में 811.1 मिमी, पाली मे 705.6 मिमी, नौरोजाबाद में 6922 मिमी, चंदिया में 926.1, करकेली में 751.9 मिमी, बिलासपुर में 902.5 मिमी वर्षा शामिल है । जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 381.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिसमें बांधवगढ मे 384.7 मिमी, मानपुर में 396.7 मिमी, पाली मे 288.2 मिमी, नौरोजाबाद में 339.3 मिमी, चंदिया में 367.2 मिमी, करकेली में 380.7 मिमी, बिलासपुर में 524.6 मिमी वर्षा शामिल है ।

### विधानसभा प्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष का किया गया सम्मान

**ब्यौहारी।** नगर परिषद ब्यौहारी-के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता मोनू एवं नीता साहू को मध्य प्रदेश शासन तेलघानी बोर्ड ब्यौहारी का विधानसभा का प्रतिनिधि बनाए जाने पर विभिन्न संगठनों द्वारा नीता साहू के निवास पर पहुंचकर माला पहनाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर नीरज गुप्ता रोशन नागपाल, सुरेश साहू अध्यक्ष ,बसंत साहू सागर गुप्ता ,महावीर साहू रामपाल साहू बैजनाथ साहू रामसेवक साहू मोहन साहू दीपक साहू, रेखा साहू सचिव ,नीता सुरेश साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


### रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति का कलेक्टर ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण कर कार्यो का जायजा लिया। रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के हितों तथा जिले के विकास के लिए रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस हेतु मैनपावर एवं मशीनरी बढ़ाते हुए कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं गंभीरता के साथ तेजी से किया जाए। उन्होंने कार्यस्थल पर निर्माण सामग्रियों के व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर को कार्य की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा की निर्माण कार्य के दौरान जनता को किसी प्रकार की सुरक्षात्मक असुविधा न हो इसके लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितो को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी सहित रेलवे, सेतु निगम के अधिकारी एवं संविदाकार उपस्थित थे।

## राजस्व वसूली में तीव्रता के साथ 39 सौ 28 बकायादारों के बिजली के कनेक्शन काटे गए

# विभाग के 1 करोड़ 70 लाख पुराने बकाया की वसूली में लाई तेजी



**बुढ़ार। सब डिवीजन के अंतर्गत राजस्व बसुली में तीव्रता लाने के उद्देश्य से पुराने 39 सौ 28 घरेलू बकायादार विधुत उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शन काटे गये।**

अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) व कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. शहडोल के निर्देशन में बुढार वितरण केन्द्र के अंतर्गत ऐसे बकायादार घरेलू उपभोक्ता जिनका बकाया विद्युत देयक माह अगस्त 2023 कि स्थिति में स्थगित किया गया था जिसके उपरांत उनके द्वारा बकाया राशि माह जून 2025 तक भुगतान नही किये जाने के कारण राजस्व संग्रहण हेतु बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर, तार मीटर जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

विकास गोंदुडे कनिष्ठ अभियंता बुढार द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त वर्णित 3928 उपभोक्ताओं पर राशि 1 करोड़ 70.34 लाख वसूली हेतु बकाया है और वर्तमान में 01 अगस्त 2025 को ग्राम विक्रमपुर और ग्राम सकरा में विद्युत विच्छेदन व मीटर तार जप्ती की कार्यवाही की गयी और निरंतर चरण ब्रद तरीके से ग्राम पंचायत अनुसार कार्यवाही की जा रही है। कनिष्ठ अभियंता ने बकाया विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि असुविधाओं से बचने के लिए विद्युत बकाया राशि का भुगतान शीघ्र अतिशीघ्र करें।

### इनका कहना

इस संबंध में सहायक अभियंता से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि घरेलू बकायादारों को कई बार नोटिस एवं लोक अदालत में प्रकरण भेजने के बाद भी समय पर पुराना बकाया राशि नहीं जमा कर रहे ऐसे बकायादारों के बिजली के कनेक्शन को विच्छेद किया जा रहा है।

## नवांकुर सखियों ने किया पौधा रोपित




**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत मुख्यमंत्री के निर्देश पर एवं जिला समन्वयक के आदेश पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवांकुर सखियों को वृक्ष देकर वृक्षारोपित करने के लिए आवाहित किया गया ग्राम पंचायत रमपुरवा में रमपुरवा प्रस्फुटन समिति के सहयोग से एवं नवांकुर संस्था सजग समाज सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 2 बुढ़वा द्वारा यह कार्यक्रम किया गया जिसमें इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रमपुरवा के सचिव बलराम बैस प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रामायण बेस एवं सदस्य एवं नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक आनंद पांडे एवं परामर्शदाता सरस्वती चंद्र विद्या की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ जिसमें 40 नवानपुर सखियां भी उपस्थित थीं।



### हीरालाल पेंड्रो को दी गई विदाई

**ब्यौहारी।** ब्यौहारी के ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर हीरालाल पेंड्रो 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत हो गए उन्होंने 34 साल शिक्षा विभाग की सेवा की हायर सेकेंडरी स्कूल तिखवा के प्रचार्य भी रहे उनका सेवा काल निर्विवाद रहा बीईओ कार्यालय उनको कर्मचारी एवं शिक्षकों द्वारा विदाई दी गई इस दौरान बीआरसी के जन शिक्षक एवं अध्यापक बीईओ ऑफिस के कर्मचारी मौजूद रहे सभी ने उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

## घुनघुटी के गांधी ग्राम में बाघ ने किया बैल का शिकार



घुनघुटी के वार्ड नं 14 में गांधी ग्राम में शिवकुमार भुमिया के घर के बगल रात 3.4 बजे करीब बाघ ने बैल का शिकार कर ले गया जब आहट सुनी तो शिवकुमार भुमिया वह उसके घर के लोग जागे और कोई मिल के हल्ला करने पर वही मैदान मेअपने शिकार को छोड़ कर भाग गया लेकिन तब घायल बैल दम तोड चुका था गांधी ग्राम के लोगो का भय का माहौल बना हुआ है।

## पाली में रेलवे कर्मचारियों ने बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा का किया प्राण प्रतिष्ठा





**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली रेलवे कॉलोनी स्थित चंडी माता मंदिर परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम में 30 जुलाई को माता बिरासनी देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसके बाद आज 31 जुलाई को बाबा खाटूश्याम जी के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा आचार्य श्री आनंद कुमार मिश्रा शिवानंद मिश्रा शुभम मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना हवन कराया गया। कन्या भोजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय रहा कि हारे का सहारा बसबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा सेक्शन इंजीनियर रेल पथ अधिकारी सतीश साहू के अथक प्रयासों से एक भव्य मंदिर तैयार किया जहां माँ चंडी माता और भगवान शिव, हनुमान जी शनि देव और अब बाबा खाटू श्याम भी इस विशाल मन्दिर स्थापित किये गए। साथ ही श्रावण मास में भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी किया गया इस कार्यक्रम में समाज सेवी राजा दास, राकेश बर्मन,सुजीत कुमार,सीनू राव सीएच राजू प्रेमलता बर्मन सहित सैकड़ों अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से सफल आयोजन हुआ।उपस्थित श्रद्धालुओं को आस्था से जोड़ने भजन संध्या के आयोजक मनु उपाध्याय की टीम से शहडोल सभाग की मशहूर भजन गायिका अंजली अम्बे गुप्ता बाबा खाटू श्याम जी भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को खाटू श्याम का दीवाना बना दिया। विशाल भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर से बाहर तक देखने को मिलीं। सात्विक भोजन की सुगंध और सेवा भाव ने हर भक्त को भावविभोर कर दिया। महिला-पुरुष, बुजुर्ग, युवा और बच्चे – सभी को बैठाकर भोजन प्रसाद कराया कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे,पाली एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीओपी शिव चरण बोहित,थाना प्रभारी राजेश चन्द्र मिश्रा सहित झंझरिया कंपनी के जीएम मुरलीधर मिश्रा,सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन के आशीर्वाद प्राप्त किये

## बोरवेल से वन्य जीव अवशेष बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव तस्करी के एक गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। बेहरहा क्षेत्र में स्थित एक बोरवेल से वन विभाग की टीम ने तलाशी अभियान चलाकर वन्यजीव के अवशेष बरामद किए हैं, जिसमें त्वचा सहित अन्य शारीरिक अंग शामिल हैं। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और एक बार फिर वन्यजीवों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए सभी अवशेष वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 50 के अंतर्गत विधिवत रूप से कब्जे में लेकर उन्हें सरकारी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरामद किए गए अवशेषों के नमूने संग्रहित कर फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। वहां परीक्षण के पश्चात यह पुष्टि की जाएगी कि ये अंग किस वन्य प्रजाति से संबंधित हैं। यह जांच आगे की कार्रवाई की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।वन विभाग की इस कार्रवाई के तहत अब तक दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रभु बैगा उम्र 34 वर्ष, पिता भागदीन बैगा तथा चेतराम अगरिया उम्र 27 वर्ष, पिता सुखराम अगरिया दोनों निवासी ग्राम रोहनिया बताए गए हैं।प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है और वन विभाग की विशेष टीम द्वारा छानबीन का दायरा विस्तारित किया गया है। क्षेत्र संचालक के अनुसार, प्रकरण में संलिप्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धाराएं 9, 27, 39, 44, 50, 51 एवं 52 के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस पूरी कार्रवाई से वन विभाग की सक्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है, जो कि वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। अधिकारीगणों ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि यदि इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की कोई सूचना हो, तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें। बांधवगढ़ जैसे संवेदनशील वन क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं न केवल वन्यजीवों के जीवन को खतरे में डालती हैं, बल्कि जैव विविधता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे में त्वरित और कठोर कार्रवाई से यह संदेश दिया गया है कि वन्यजीवों की हत्या और तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तुलाराम कोठी को दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** ग्राम पंचायत पोंड़ी मानपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोंड़ी मानपुर में पदस्थ शिक्षक तुलाराम कोठी की अधिवार्षिकी सेवा 62 वर्ष आयु पूर्ण होने के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच कमल सिंह की अध्यक्षता में तथा मुलायम सिंह परिहार प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य मिश्रा की विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक पंचम सिंह धुर्वे, वृंदावन पटेल, श्यामलाल संत, श्रीमती जयमती धुर्वे, श्रीमती सुशीला संत के साथ हीरा लाल नायक और पूर्व जन शिक्षक संजय नामदेव मंचासीन होकर अपना आशीर्वाद प्रदान किये। आपने 43 वर्ष 6 माह और 11 दिन की शिक्षकीय सेवा उपरांत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोंड़ी मानपुर से सेवानिवृत हो रहे हैं जहां पर अपने लगभग 21 वर्ष की सेवा प्रदान किया है जो अपने सेवाकाल का लगभग आधा समय कहा जा सकता है। इस अवसर पर आसपास की विद्यालयों से आए शिक्षक ग्रामीण जनों ने आपको शाल श्रीफल के साथ स्मृति चिन्ह, रामायण, पेन - डायरी इत्यादि सामग्री भेंट किया। आपके साथ आपका पूरा परिवार नाते रिश्ते इस कार्यक्रम में भागीदारी किया। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोजिनी कोठी भी अतिथि के रूप में मंचासीन हुई।

## कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से मिलता है सदैव सम्मानः सीएमएचओ



सेवानिवृत्त नॉन मेडिकल अस्सिटेंट को दी गई भावभीनी विदाई

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से शासकीय सेवाओं का निर्वहन सदैव सम्मान दिलाता है। शासकीय सेवक को कर्तव्यनिष्ठ होकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए और विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर से बेहतर परिणाम देने का कर्मचारी के मन में जज्बा होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के नॉन मेडिकल अस्सिटेंट रमेश राजपूत के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें सदैव निष्ठा पूर्वक ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए याद रखा जाएगा। उक्त उद्बोधन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आईपीपी-6 सभागार में स्वास्थ्य विभाग के नॉन मेडिकल अस्सिटेंट रमेश राजपूत के अधिवार्षिकी विदाई समारोह में दिए। उन्होंने कहा कि श्री राजपूत बहुत ही मेहनती एवं काम के प्रति संवेदनशील रहे। आत्मविश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम करके जीवन में हमेशा आगे बढ़ते जाना ही जीवन है। विदाई समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा राजपूत को स्मृति चिन्ह तथा शाल-श्रीफल उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. वाईके पासवान, कुष्ठ अधिकारी आनंद प्रताप सिंह, रजनीष गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, धीरेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रतिभा को संवारने की पहल

### 137 बच्चों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

**शहडोल।** दिव्यांगता कोई बाधा नहीं, सही दिशा और सहयोग से यह संबल बन सकती है, इसी सोच के साथ जनपद शिक्षा केन्द्र सोहागपुर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर में जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल की उपस्थिति में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 6 से 14 वर्ष के चिन्हित दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी ज़रूरत और सुविधा के अनुसार कुल 197 उपकरण वितरित किए गए।

**समाज और शिक्षकों को निभानी होगी सक्रिय भूमिका**

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को केवल सहानुभूति नहीं, समानता की ज़रूरत है। उन्होंने कहा इन बच्चों के प्रति अभिभावकों के साथ-साथ समाज और विद्यालयों के शिक्षकों की भूमिका बेहद अहम है। हमें इन बच्चों की रूचि और क्षमता के अनुसार उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा। शिक्षक यदि इन बच्चों के भीतर की प्रतिभा को पहचान कर सही मार्गदर्शन दें, तो वे सामान्य बच्चों की तरह ही नहीं, उनसे आगे भी निकल सकते हैं। कलेक्टर ने इस दौरान माध्यमिक शाला खैरहा के दिव्यांग छात्र से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उसकी पढ़ाई-लिखाई की स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी ली।



**कई प्रकार के सहायक उपकरण वितरित**

कार्यक्रम के दौरान 137 विद्यार्थियों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, एल्बो ब्रेल, स्लेट ब्रेल किट, हियरिंग एड, सीपी चेयर, बड़ा रोलेटर सहित विभिन्न उपकरण वितरित किए गए। यह सभी उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के विशेषज्ञों की उपस्थिति में दिए गए, जिन्होंने बच्चों व अभिभावकों को इन उपकरणों के सही उपयोग की विधियां भी समझाईं। नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी बच्चों और उनके परिवारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरकार और समाज मिलकर यदि इन बच्चों का साथ दें, तो कोई भी दिव्यांग बच्चा पीछे नहीं रह सकता। यह उपकरण उनके लिए एक नई शुरुआत का माध्यम हैं।

**अधिकारियों की मौजूदगी रही सराहनीय**

इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, डीपीसी अमरनाथ सिंह, बीआरसीसी महेंद्र मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभर कर आया कि सामाजिक समरसता तभी संभव है जब हम हर बच्चे को, चाहे वह दिव्यांग हो या सामान्य, बराबरी का अवसर और सम्मान दें। शहडोल प्रशासन की यह पहल न केवल प्रशासनिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाता है कि जब संवेदनशीलता और समर्पण साथ हो, तो शिक्षा और समावेशिता दोनों की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकते हैं।

## विद्यालय छोड़ नाबालिग बच्चे श्रद्धालुओं को लगा रहे चंदन

# नर्मदा मंदिर के सामने नशेड़ी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

### दो दर्जन से अधिक नाबालिग छात्र-छात्राओं ने छोड़ा विद्यालय

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/अमरकंटक।



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों दो दर्जन से अधिक नाबालिग छात्र-छात्राएं विद्यालय जाने के बजाय पैसों के लालच में दिनभर बाहर से आने वाले पर्यटक, तीर्थयात्री एवं श्रद्धालुओं को चंदन लगाते हुए देखे जा सकते हैं। यह प्रवृत्ति जुलाई माह से शुरू हुई और पूरे सावन मास में तेज़ी से बढ़ गई है। इन बच्चों के स्कूल न जाने में उनके माता-पिता भी प्रश्रय दे रहे हैं। प्राधिकरण कर्मचारी एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा रोक-टोक करने पर ये अनावश्यक विवाद में उलझ जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा के अधिकार कानून और राज्य सरकार के शिक्षा अभियान के विपरीत है, जहां हर बच्चे को विद्यालय भेजने पर जोर दिया जाता है।

### रामघाट और मंदिर परिसर में सक्रिय असामाजिक तत्व

नर्मदा मंदिर के सामने और रामघाट क्षेत्र में केवल नाबालिग ही नहीं, बल्कि बाहर से आए असामाजिक और नशेड़ी तत्व भी चंदन लगाने के बहाने सक्रिय हैं। इनके आड़ में कुछ लोग यात्रियों का सामान चोरी करने और पर्यटकों से अभद्रता करने तक से नहीं चूकते। दोपहर तक चंदन लगाकर कमाई करने के बाद ये लोग शाम और रात में नशे में धुत्त होकर मंदिर परिसर और घाटों पर दिखाई देते हैं। कई बार ये पर्यटकों और तीर्थयात्रियों से उलझ जाते हैं, जिससे धार्मिक वातावरण दूषित हो रहा है।

### नागरिकों की प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों और मंदिर पुजारियों ने नगर परिषद अमरकंटक, विकास प्राधिकरण और अनूपपुर जिले के लोकप्रिय कलेक्टर हर्षल पंचोली से इस पर सख़्त कार्रवाई की मांग की है। उनकी मांग है कि अवैध रूप से चंदन लगाने वाले तत्वों को रोका जाए। नशेड़ी और असामाजिक व्यक्तियों को मंदिर परिसर और घाटों से हटाया जाए। नाबालिग बच्चों को विद्यालय में वापस भेजने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

# फ्री की तनख्वाह ले रहे एमपीडब्ल्यू, स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




स्वास्थ्य विभाग में कुछ अर्से पहले की अगर बात करें जब मलेरिया के बचाव हेतु सरवालेन्स वर्कर बक्शी बेटर नियुक्त रहते थे जिनका काम गांव गांव मे बरसात के मौसम में जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना साफ, सफाई की ओर लोंगो का ध्यानाकर्षण कराना, मलेरिया किट लेकर चलना जांच सेम्पल लेकर जांच कराने, दवा वितरित करना रहता था, फिर धीरे से समय के साथ पद का स्वरूप बदला और विभाग ने कुछ दायित्व को कम, ज्यादा करते हुए मलेरिया उन्मूलन की दिशा में एमपीडब्ल्यू बना दिया जिसका फुल फॉर्म मल्टी परपज वर्कर बताया जा रहा है। एममपीडब्लू मतलब स्वास्थ्य संबंधी सभी मामलों की मॉनिटरिंग करना माना जा रहा है। इसमे जिले मे लगभग 50 से अधिक मल्टी परपज वर्कर पदस्थ है। जिनका मासिक वेतन लगभग 70,000 रुपये प्रति व्यक्ति के आसपास होगा। एमपीडब्ल्यू के लिए महीने के 35 लाख रुपये खर्च किये जाने के बाद उन्ही कर्मचारियों के कार्य की प्रगति क्या माह भर में 35 रुपये की है, या वो भी नही। बारिश के मौसम में तरह तरह के संक्रमण की वजह से हो रही बीमारियों से बचने के लिए जिले भर की बात तो दूर जिला मुख्यालय अनूपपुर के नगर में पदस्थ एमपीडब्ल्यू जो लगभग 70,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय के रूप में शासन से ले रहा है क्या महीने के तीस दिन बीतने के बाद कार्य की प्रगति में 70 रुपये का कार्य किया जा रहा है। नही बिल्कुल नही ये केवल 30 दिन तक समय पास करते जी हजूरी करते हुए अपने फील्ड के बजाय चौक, चोराहों में व कार्यालय में नेतागिरी करते देखे जा रहे है। कलेक्टर हर्षल पंचोली से मांग की गई है कि जिला तो दूर अनूपपुर नगर में पदस्थ एमपीडब्ल्यू के माह भर के अंदर कार्यों को लेकर दिए गए दायित्व के साथ कार्य के प्रगति रिपोर्ट की जांच करा लें सारी सत्यता बाहर आ जाएगी।

# 43 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण कर शिक्षिका डालियाकर हुईं सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शासकीय प्राथमिक शाला बालक बस्ती अनूपपुर में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती डालियाकर 43 वर्ष की सेवाकाल के उपरांत 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुई। श्रीमती डालियाकर की नियुक्ति 1982 में शासकीय प्राथमिक शाला पौड़ीभाटा (अकलतरा) जिला बिलासपुर में हुई। जिसके बाद 1992 में उनका स्थानांतरण शहडोल जिले में हुआ तथा अक्टूबर 1992 में शासकीय प्राथमिक शाला परसवार, सन 1996 में शासकीय प्राथमिक विद्यालय कन्या अनूपपुर, सन 2012 में शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोलमी, सन 2012 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय बालक अनूपपुर बस्ती तथा 2015 में शासकीय प्राथमिक शाला बालक बस्ती अनूपपुर में शिक्षिका के पद पर उनकी पदस्थापना हुई। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल प्रभारी अजय कुमार जैन ने श्रीमती डालियाकर को मिलनसार व शैक्षणिक कार्यों में सहयोगी शब्दों से अलंकृत किया। शिक्षक संजय निगम ने श्रीमती डालियाकर के पूरे सेवा काल के बड़े ही सरल एवं सहज रूप में व्याख्यान किया। शिक्षक अजय कुमार प्रसाद ने श्रीमती डालियाकर के विषय में बताया कि वह हर सम्भव शाला में उपस्थित होकर बच्चों को सुसंस्कृत करने में लगी रहती थी। बच्चे मैडम की अनुपस्थिति में उनकी दी गई जिम्मेदारियों को तन्मयता से पूरा करते थे। शिक्षिका श्रीमती डालियाकर के सेवानिवृत्ति के मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनकी प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भारत गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित हुईं सांसद हिमाद्री सिंह



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भारत गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित की गयी है। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर संसदीय क्षेत्र के लोगों ने तथा प्रदेश भर से उन्हें बधाईयां और शुभकामनाएँ प्रदान की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती हिमाद्री सिंह को नई दिल्ली में आयोजित भारत गौरव अवार्ड - 2025 कार्यक्रम में तेलंगाना के माननीय राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा द्वारा भारत गौरव अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्रीमती सिंह और सम्पूर्ण क्षेत्र लिए गर्व का विषय है और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण को रेखांकित करते हुए और भी दृढ़ करता है। श्रीमती हिमाद्री सिंह ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित होने पर कहा कि मैं भारत गौरव फाउंडेशन" एवं माननीय राज्यपाल का हृदय से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करती हूँ।



# राहवीर योजना के तहत जिले मे दो व्यक्तियों को मिला पहला सम्मान

### कमला प्रसाद और महेंद्र पनिका को मिला 25-25 का नगद इनाम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की समय पर सहायता करने वाले कमला प्रसाद और महेंद्र पनिका को शासन की "राहवीर योजना" के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। दोनों नागरिकों को 25,000-25,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा की गई है। यह सम्मान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर की पहल पर प्रदान किया गया, जिनके निर्देश पर जिले में राहवीर योजना के अंतर्गत सक्रिय नागरिकों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनूपपुर जिले में यह योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया पहला पुरस्कार है, जो अन्य नागरिकों के लिए एक प्रेरणा है। पुलिस प्रशासन ने दिये संदेश मे कहा कि दुर्घटना में घायल की मदद करना न केवल एक नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि अब शासन द्वारा सम्मानित कार्य भी है।

# पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने जिले में हाथियों के प्रवास रोकने विधानसभा में लगाया ध्यान आकर्षण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह ने विधानसभा में काफी लंबे समय से छत्तीसगढ़ राज्य से बार-बार अनूपपुर जिले में आ रहे हाथियों के प्रवास को रोकने के लिए विधानसभा में ध्यान आकर्षण लगाया।**



जिसमें उन्होंने जिले में हाथियों के प्रवास को रोकने एवं उनके द्वारा की गई क्षति की क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाई जाने की मांग की। पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र बिसाहूलाल सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमा में बसे जिला अनूपपुर में छत्तीसगढ़ के जंगलों से निरंतर 2-3 वर्षों से हाथियों का प्रवास हो रहा है। हाथी प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न जंगली क्षेत्रों में जाकर वहाँ बसे खेतिहर अनुसूचित जाति,जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के घरों को तोड़कर उनके घरों में रखे महुआ, धान, गेहूँ एवं अन्य उत्पादों को खा जाते है। उनके खेतों, बाड़ियों में लगाये गये फसलों को खाने के साथ-साथ उजाड़कर नष्ट कर देते है। उनके घरों में तोड़ फोड़ कर देते हैं।जंगल एवं उसके आस-पास वसे ग्रामीणों को अपने घरों में भी रहना मुश्किल कर दिया है। घरों को उजाड़ने के कारण लोगों को घर की छतों एवं पेड़ों पर चढ़कर रात बिताना पड़ता है।सामग्रियों को पेड़ों की डालियों में बांधकर रखने का प्रकरण भी विगत बार हाथियों के प्रवास के दौरान सामने आया था। ग्राम पंचायत चोलना अंतर्गत ग्राम बचहा में पिछले बार हाथी द्वारा एक युवक को पटक कर मार डाला गया था। पगना के पास गांव में बिजली के करंट से खेत में एक हाथी के मर जाने से कृषक को जेल भी जाना पड़ा था। वर्तमान में दिनांक 8/07/2025 को मरवाही छत्तीसगढ़ से जिला अनूपपुर के ठेही गौरेला, पगना, कांसा कोडा, दुधमनिया, ओढेरा कीरर के रास्ते राजेन्द्रग्राम की ओर प्रस्थान कर अमगंवा होते हुए जिला डिण्डौरी तक प्रवास किये तथा वापस अमगंवा से बुढार,शहडोल रेन्ज को पार कर जिला उमरिया के घुनघुटी तक जाकर पुनः शहडोल,बुढार रेंज के रास्ते अनूपपुर अंतर्गत जैतहरी रेंज के ग्राम पडरिया, चोई में आतंक फैलाने एवं ग्राम चोई के रामपाल राठौर पिता वंशी राठौर उम्र 39 वर्ष को मार डालने की घटना भी प्रकाश में आयी है। अनूपपुर के वन विभाग सहित पूरे जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित डी.एफ.ओ. एवं कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक परेशान है। हाथियों के बार-बार जिले मे प्रवास किये जाने का मूवमेंट रोकने एवं उनके द्वारा जिले में किये जा रहे नुकसान की प्रतिपूर्ति की दर को बढ़ाते हुए वास्तविक क्षति का क्षतिपूर्ति एवं राहत राशि उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने बनाया नया रिकॉर्ड

### लगातार दूसरी बार 300 दिन तक किया विद्युत उत्पादन

### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के मुख्य अभियंता, अभियंताओं व कार्मिको के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यूनिट ने अपने स्थापना के बाद दूसरी बार 300 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया। इस यूनिट ने दूसरी बार 1 अक्टूबर 2024 से 28 जुलाई 2025 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया इस यूनिट ने दूसरी बार 1 अक्टूबर 2024 से 28 जुलाई 2025 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया इससे पूर्व इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का नया रिकॉर्ड बनाया था इस यूनिट के सतत बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 के खाते में सर्वाधिक 305 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड दर्ज है इस यूनिट ने यह उपलब्धि वित्तीय वर्ष 2022-23 में हासिल की थी।

### विभिन्न मापदंडों में भी मिली उपलब्धि

210 मेगावाट की यूनिट में जिस समय 300 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया यूनिट ने 99.52 फ़ीसदी प्लांट उपलब्धता फैक्टर पीएएफ, 97.33 फ़ीसदी प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ व 9.08 प्रतिशत ऑक्ज़लरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता तनवीर अहमद ताप विद्युत गृह के अभियंताओं कर्मचारी आदि को बधाई देते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि समर्पण कड़ी मेहनत हुआ प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

# पुष्पराजगढ़ विधायक ने विधानसभा में नशे और ड्रग्स के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



प्रदेश में बढ़ते एमडी ड्रग्स के कारोबार ने युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेल दिया है।इस काले धंधे में भाजपा के कार्यकर्ता लगातार पकड़े जा रहे हैं और उन्हें भाजपा के बड़े नेताओं का खुला संरक्षण है। छोटी मछलियों पर कार्रवाई हो रही है, लेकिन सरकार असली बड़े मगरमच्छों को बचा रही है। विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिह मार्को ने विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन विधायक दल के साथ नशे और ड्रग्स के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिह मार्को प्रतीकात्मक ड्रग्स की पैकेजिंग और इंजेक्शन लेकर पहुंचे और सरकार से पूछा,युवाओं को बर्बाद करने वाले इन माफियाओं पर कार्रवाई कब होगी...? एमडी ड्रग्स के कारोबार के 'मास्टर माइंड' कब पकड़े जाएंगे...? भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद भी चुप्पी क्यों...?युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की कीमत कौन चुकाएगा...? पुष्पराजगढ़ विधायक ने कहा कि प्रदेश की सड़कों से लेकर शिक्षण संस्थानों तक ड्रग्स का जाल फैल चुका है, लेकिन सरकार आँखें मूँदकर बैठी है, क्योंकि इस धंधे से जुड़े कई चेहरे सत्ता के करीब हैं।

# केशरवानी समाज ने महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना कर मनाया हरियाली तीज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



केशरवानी महिला मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरियाली तीज त्यौहार बड़े हर्ष उल्हास के साथ मनाया। महिला मंडल की मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल से सत्यभामा केशरवानी एवं शांति केशरवानी रहीं। सर्वप्रथम कसौंधन समाज के कुलगुरु महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना विधि विधान से करते हुए अतिथियों एवं वृद्ध महिलाओं का पुष्प एवं माल्यार्पण से स्वागत किया। उपाध्यक्ष रेखा महेंद्र केसरवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में केसावानी समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम गीत, गजल, नृत्य अंताक्षरी, जोक्स, कुर्सी दौड़ के साथ ही कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया, तथा हरियाली तीज का महत्व बताया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष हेमलता उमेश केसरवानी, उपाध्यक्ष रेखा महेंद्र केशरवानी, अर्चना संतोष केशरवानी, प्रिया राजकुमार केशरवानी, सचिन कविता केशरवानी, सह सचिव निर्मला अनिल केसरवानी, कोषाध्यक्ष जूही सुनील केसरवानी, सदस्य ममता गणेश केशरवानी, राम शैलेंद्र केसरवानी, मधु प्रकाश केशरवानी, रेखा राजेश केशरवानी, लक्ष्मी केशरवानी, सुजाता केशरवानी, रीना केशरवानी, संजना केशरवानी, श्रद्धा केशरवानी, दीपा केशरवानी, अंजना केशरवानी, आरती केशरवानी, वीणा केशरवानी, प्रीति केशरवानी, कीर्ति केशरवानी सहित समाज की अन्य, महिलायें उपस्थित रहीं। अंत में अध्यक्ष के द्वारा आभार प्रदर्शन किया।

## गैस सिलेंडर की अवैध रूप से बिक्री एवं रिफिलिंग के खिलाफ कार्यवाही

# 7 गैस सिलेंडर मौके से जप्त, कार्यवाही की भनक लगते ही आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 2 बाजार एरिया में लंबे समय से हो रही गैस सिलेंडर की बिक्री एवं रिफिलिंग के खिलाफ शुक्रवार को कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सचिन जैन उर्फ पाले के घर में छापा मारते हुए घरेलू उपयोग के सिलेंडरों को जप्त किया। पुलिस के द्वारा खाद्य विभाग की टीम को सूचना देते हुए कार्यवाही कराई गई। खाद्य विभाग की टीम के द्वारा मौके से 7 गैस सिलेंडर 6 नग 14 केजी वाले एवं एक 19 केजी वाले सिलेंडर को जप्त किया गया। कार्यवाही की भनक लगते ही आरोपी सचिन जैन उर्फ पाले मौके से फरार रहा। खाद्य अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि बीच बाजार में लंबे अरसे से अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर की रिफिलिंग एवं विक्रय किया जा रहा था। जिसको लेकर वार्ड वासियों द्वारा कई बार शिकायत की गई थी। मामले में कार्यवाही करते हुए जांच की जा रही है। पुलिस की दबिश के बाद बाजार क्षेत्र में खलबली मची रही। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं मौके पर कुछ सफेद पोस लोगों के द्वारा पुलिस की कार्यवाही का विरोध भी किया गया जबकि रहवासी क्षेत्र में इस तरह इस तरह के कार्य के होने के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है जिस पर सभी को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। बताया जाता है कि इसी व्यक्ति के घर से पूर्व में भी पुलिस के द्वारा काफी मात्रा में गैस सिलेंडर जाति की कार्यवाही की गई थी उसके बाद भी निरंतर उक्त व्यक्ति के द्वारा यह कार्य किया जा रहा था।

# रेल यात्रियों के लिए एक और सुविधा, "रेलवन एप" की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई और अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन "रेलवन (तंपसव्द्म)" की शुरुआत की गई है। इस ऐप का मूल उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करना है, जिसे सरल और स्पष्ट यूआई (यूज़र इंटरफ़ेस) के माध्यम से साकार किया गया है। यह न केवल सभी सेवाओं को एक स्थान पर समाहित करता है, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत संपर्क भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेल सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। रेलवन ऐप यात्रियों की सभी आवश्यक सेवाओं के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है और इसे मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि "रेलवन ऐप एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो कि यात्रियों को रेलवे से जुड़ी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। साथ ही रेल यात्रा को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाता है।